दिन– शनिवार दिनांक– 17 / 05 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. राज्य सरकार ने जीविका समूहों को उद्योग और व्यापार के लिए ऋण उपलब्ध कराने के वास्ते सहकारी बैंक के गठन को मंजूरी दी।

02. निर्वाचन आयुक्त डॉक्टर विवेक जोशी ने बिहार विधानसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर बल दिया। डॉक्टर जोशी आज मोतिहारी में ईवीएम की प्रथम स्तरीय जांच करेंगे।

03. सर्वोच्च न्यायालय ने बिहार सरकार को डिप्लोमा इन एलीमेंट्री एडुकेशन, उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को शिक्षक भर्ती प्रक्रिया में उम्र सीमा में छूट देने का आदेश दिया।

04. और, प्रदेश के उत्तरी हिस्सों में देर रात बारिश होने से लोगों को उमसभरी गर्मी से राहत मिली। आज राज्य के उत्तर–मध्य और दक्षिण–मध्य हिस्सों में बारिश का पूर्वानुमान।

————————————————————————

बिहार में जीविका समूहों का अब अपना सहकारी बैंक होगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। बैठक के बाद कैबिनेट विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉक्टर एस. सिद्धार्थ ने बताया कि मंत्रिमंडल ने बिहार जीविका निधि साख सहकारी संघ लिमिटेड के गठन को मंजूरी दी है।

———बाईट———

वहीं, एक अन्य फैसले में मंत्रिमंडल ने ऑपरेशन सिंदूर में शहीद हुए जवान के निकटतम आश्रितों को पचास लाख रुपए अनुग्रह अनुदान देने का निर्णय लिया है। डॉक्टर सिद्धार्थ ने बताया कि मंत्रिमंडल ने राज्यकर्मियों के महंगाई भत्ते में दो प्रतिशत की बढ़ोतरी की है। इस फैसले के बाद अब राज्यकर्मियों को पचपन प्रतिशत की दर से डीए मिलेगा। नई व्यवस्था जनवरी दो हजार पच्चीस के प्रभाव से लागू होगी।

———बाईट———

डॉक्टर सिद्धार्थ ने बताया कि गया शहर को अब गया जी के नाम से जाना जायेगा। इसके अलावा मंत्रिमंडल ने जल जीवन हरियाली अभियान को वित्तीय वर्ष दो हजार उनतीस–तीस तक विस्तारित करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी प्रदान की।

————————————————————————

निर्वाचन आयुक्त डॉक्टर विवेक जोशी ने बिहार विधानसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर जोर दिया है। साथ ही उन्होंने मतदान प्रक्रिया में दिव्यांग और

बुजुर्गों की अधिकतम सहभागिता बढ़ाने के निर्देश दिये। डॉक्टर जोशी ने कल पटना में विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर उच्चस्तरीय बैठक की। उन्होंने चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी, शांतिपूर्ण और सहभागी बनाने के लिए प्रशासन को रचनात्मक पहल करने का निर्देश दिया। निर्वाचन आयुक्त आज मोतिहारी में ईवीएम की प्रथम स्तरीय जांच करेंगे। साथ ही वे बेतिया में जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी और बीएलओ के साथ समीक्षा बैठक करेंगे और क्षेत्र भ्रमण करेंगे। डॉक्टर जोशी कल वाल्मीकिनगर और सोमवार को वैशाली का दौरा करेंगे।

———————————————————————————

सर्वोच्च न्यायालय ने डिप्लोमा इन एलीमेंट्री एडुकेशन, डीएलएड उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को शिक्षक भर्ती प्रक्रिया में उम्र सीमा में छूट देने का आदेश दिया है। न्यायालय ने बिहार सरकार को निर्देश देते हुये कहा कि अठारह महीने का डीएलएड कर चुके उम्मीदवारों के दावे अगले शिक्षक भर्ती प्रक्रिया में स्वीकार किये जायेंगे भले वे उम्र सीमा से बाहर ही क्यों न हो गये हों।

इधर, पटना उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को प्रदेश के बाहर के संस्थानों से जीएनएम कोर्स करने वाले अभ्यर्थियों को स्टाफ नर्स की बहाली प्रक्रिया में शामिल करने का निर्देश दिया है।

———————————————————————————

भारतीय जनसंचार संस्थान– आई.आई.एम.सी. आगामी शैक्षणिक वर्ष से जनसंचार और पत्रकारिता में डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी–पीएचडी कार्यक्रम शुरू करेगा। संस्थान ने कार्यक्रम के लिए नियम अधिसूचित कर दिए हैं। आई.आई.एम.सी. की कुलपति अनुपमा भटनागर ने बताया कि प्रवेश का विवरण बाद में घोषित किया जायेगा।

———————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पटना स्मार्ट सिटी मिशन परियोजना के अन्तर्गत आज पटना जीपीओ गोलम्बर के पास बकरी बाजार में मल्टी मॉडल हब और नव निर्मित सब–वे का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा तथा नगर विकास और आवास विभाग के मंत्री जिवेश कुमार मौजूद रहेंगे। मल्टी मॉडल हब में विभिन्न प्रकार के वाहनों के पार्किंग की अत्याधुनिक व्यवस्था है।

———————————————————————————

आतंकवाद के विरूद्ध भारतीय सशस्त्र बलों के ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बीच समूचा राष्ट्र, देश के जवानों के शौर्य और साहस को नमन कर रहा है। आकाशवाणी समाचार सशस्त्र बलों को श्रद्धांजलि देने के लिए एक विशेष श्रृंखला प्रस्तुत

कर रहा है। आज हम परमवीर चक्र विजेता राइफलमैन संजय कुमार का स्मरण कर रहे हैं। उन्होंने करगिल युद्ध में अनुकरणीय बहादुरी का परिचय दिया था।

---बाईट---

------------------------------------------

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद प्रदेश भाजपा की ओर से जिला मुख्यालयों में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। कल आरा, भागलपुर, सीतामढ़ी और कटिहार में तिरंगा यात्रा आयोजित की गयी, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुये।

------------------------------------------

प्रदेश के उत्तरी हिस्सों में देर रात बारिश होने से लोगों को उमसभरी गर्मी से राहत मिली है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि सुपौल, अररिया, पूर्वी चम्पारण, पश्चिमी चम्पारण, कटिहार और मधुबनी समेत कई जिलों में तेज हवा के साथ बारिश हुई है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि आज सीतामढ़ी, वैशाली, शिवहर, गया, नालंदा और लखीसराय समेत राज्य के उत्तर–मध्य और दक्षिण–मध्य हिस्सों में तेज हवा के साथ बारिश की सम्भावना है।

---बाईट---

------------------------------------------

इधर, हमारे संवाददाता ने बताया है कि पश्चिम चम्पारण जिले के बगहा में धूलभरी आंधी और बारिश के दौरान वज्रपात की घटना में आठ लोग घायल हो गये हैं। इनमें से दो की हालत गम्भीर है। वहीं, मधुबनी समेत अन्य स्थानों पर तेज बारिश से जल जमाव की स्थिति उत्पन्न हो गयी है।

------------------------------------------

पटना हाई कोर्ट में उन्नीस मई से पन्द्रह जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश रहेगा। अवकाश के दौरान आवश्यक मामलों की सुनवाई के लिए अवकाशकालीन पीठ गठित की गयी है। हाई कोर्ट प्रशासन द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार अवकाश अवधि में न्यायालय का कार्यकाल सुबह आठ बजकर तीस मिनट से दोपहर एक बजे तक होगा।

------------------------------------------

बिहार ग्राम कचहरी न्याय मित्र के दो हजार चार सौ छत्तीस पदों के लिए अंतिम मेधा सूची जारी कर दी गयी है। अभ्यर्थी जीपी डॉट बिहार डॉट जीओवी डॉट आईएन पर परिणाम देख सकते हैं।

------------------------------------------

स्मार्ट प्रीपेड मीटर के अपग्रेडेशन कार्य की अवधि उन्नीस मई तक के लिए बढ़ा दी गयी है। बिजली कम्पनी के अनुसार इस अवधि के दौरान उपभोक्ताओं को रिचार्ज

की जानकारी नहीं मिलेगी। दैनिक रीडिंग और अन्य मीटर डेटा का अपडेट निर्धारित समय पर नहीं हो सकेगा। कम्पनी के अनुसार जैसे ही अपग्रेडेशन का काम पूरा होगा, सभी सेवाएं बहाल हो जायेंगी। इस अवधि में किसी भी उपभोक्ता की बिजली नहीं काटी जायेगी।

———————————————————————

आईपीएल क्रिकेट एक सप्ताह के बाद आज फिर शुरू हो रहा है। आज बेंगलुरु में मेजबान रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और कोलकाता नाइट राइडर्स का मैच शाम साढ़े सात बजे से खेला जायेगा। इससे पहले, भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के कारण नौ मई को आईपीएल प्रतियोगिता निलंबित कर दी गई थी।

———————————————————————

मधुबनी जिले के लदनियां के बीओपी के एसएसबी जवानों ने नेपाल से भारतीय सीमा में प्रवेश कर रहे चीन के एक और नेपाल के दो नागरिकों को गिरफ्तार किया है। तीनों से पुलिस पूछताछ कर रही है। इधर, पूर्वी चम्पारण जिले के रक्सौल में भारत से नेपाल की सीमा में प्रवेश कर रहे कनाडा के नागरिक हरप्रीत सिंह को गिरफ्तार किया गया है। वह बिना वैध वीजा के भारत में रह रहा था।

———————————————————————

कटिहार जिले के कोढ़ा थाना क्षेत्र की खेरिया पंचायत के बेलाल चौक के पास मखाना खेत में ट्रैक्टर के पलट जाने से चालक समेत दो लोगों की मौत हो गयी।

———————————————————————

रोहतास जिले के नोखा के धर्मपुर थाना क्षेत्र अन्तर्गत सिसरीत गांव के पास तीन हथियाबंद अपराधियों ने पंजाब नेशनल बैंक के सीएसपी संचालक से लगभग ढ़ाई लाख रूपये लूट लिये। पुलिस अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

———————————————————————

सीवान जिले के महाराजगंज प्रखंड स्थित प्राथमिक विद्यालय रतनपुरा, मकतब के शिक्षक को बीआरसी वाट्सएप ग्रुप में आपत्तिजनक पोस्ट करने के मामले में निलंबित कर दिया गया है।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने राज्य मंत्रिमंडल के फैसलों से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है— राज्य में जीविका समूहों का अपना सहकारी बैंक होगा।

दैनिक जागरण ने लिखा है— गया शहर का नाम अब गया जी।

प्रभात खबर ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हवाले से लिखा है– किसी प्रकार का भ्रष्टाचार बर्दास्त नहीं, अंचल से विभाग तक रखे नजर।

दैनिक भास्कर के शब्द हैं– रक्षा मंत्री ने कहा, पाक को दी मदद पर फिर सोचे आईएमएफ, पैसा टेरर फंडिंग में जायेगा।

राष्ट्रीय सहारा ने लिखा है– जगद गुरु रामभद्राचार्य और गीताकार गुलजार ज्ञान पीठ पुरस्कार से सम्मानित।

आज अखबार की सुर्खी है –बिहार की महिलाओं को नीतीश का तोहफा, छह से पच्चीस रूपये में महिलाएं लेंगी लग्जरी पिंक बस सेवा का आनंद।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. राज्य सरकार ने जीविका समूहों को उद्योग और व्यापार के लिए ऋण उपलब्ध कराने के वास्ते सहकारी बैंक के गठन को मंजूरी दी।

02. निर्वाचन आयुक्त डॉक्टर विवेक जोशी ने बिहार विधानसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर बल दिया। डॉक्टर जोशी आज मोतिहारी में ईवीएम की प्रथम स्तरीय जांच करेंगे।

03. सर्वोच्च न्यायालय ने बिहार सरकार को डिप्लोमा इन एलीमेंट्री एडुकेशन, उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को शिक्षक भर्ती प्रक्रिया में उम्र सीमा में छूट देने का आदेश दिया।

04. और, प्रदेश के उत्तरी हिस्सों में देर रात बारिश होने से लोगों को उमसभरी गर्मी से राहत मिली। आज राज्य के उत्तर–मध्य और दक्षिण–मध्य हिस्सों में बारिश का पूर्वानुमान।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।